**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

## सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक

**विषय : हिंदी** **कक्षा - 12** **सत्र 2025-26**

### अंतरा (भाग – 2 काव्य भाग)

**कविता - देवसेना का गीत , कार्नेलिया का गीत**

प्रश्न 1 ‘देवसेना का गीत’ कविता का शीर्षक सार्थक है | कैसे ?

प्रश्न 2 ‘श्रमित स्वप्न की मधु माया में
गहन विपिन की तरु-छाया में
पथिक उनींदी श्रुति में किसने
यह विहाग की तान उठाई|’
उपरोक्त पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए |

प्रश्न 3 ‘कार्नेलिया का गीत’ कविता के आधार पर भारतवर्ष की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कीजिए |

प्रश्न 4 देवसेना की व्यथा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए |

**कविता - सरोज-स्मृति**

प्रश्न 1 यह कविता एक शोक कविता है, स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 2 कवि के हृदय की क्या पीड़ा है ?

प्रश्न 3 अपनी बेटी को याद करते समय कवि को शकुंतला की याद क्यों आई ?

प्रश्न 4 सरोज का पालन-पोषण उसकी नानी के घर क्यों हुआ ?

प्रश्न 5 ‘नत नयनों से आलोक उतर
काँपा अधरों पर थर-थर-थर।
देखा मैंने वह मूर्ति-धीति
मेरे वसंत की प्रथम गीति|’
उपरोक्त पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए |

**कविता - यह दीप अकेला, मैंने देखा एक बूँद**

प्रश्न 1 'यह दीप अकेला' कविता का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 2 कवि ने दीप की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

प्रश्न 3 'यह दीप अकेला' कविता के माध्यम से लघु मानव का क्या महत्त्व बताया गया है ?

प्रश्न 4 मानव जीवन क्षणभंगुर है, स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 5 'मैंने देखा एक बूँद' कविता का मूलभाव लिखिए |

**कविता - बनारस, दिशा**

प्रश्न 1 कविता के आधार पर बनारस की सुंदरता का वर्णन कीजिए |

प्रश्न 2 वसंत आने पर दशाश्वमेध घाट पर व्यक्ति क्या पाता है ?

प्रश्न 3 'दिशा' कविता द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

प्रश्न 4 'बनारस ' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए |

प्रश्न 5 'मैंने पहली बार जाना<br>हिमालय किधर है |'<br>पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

**कविता - वसंत आया, तोड़ो**

प्रश्न 1 कवि को वसंत आने का कैसे पता चलता है ?

प्रश्न 2 कवि ने इस कविता द्वारा मनुष्य पर क्या व्यंग्य किया है ?

प्रश्न 3 इस कविता का शिल्प सौंदर्य अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 4 कवि क्या – क्या तोड़ने के लिए कह रहा है ?

प्रश्न 5 'तोड़ो' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

**कविता - भरत-राम का प्रेम, पद**

प्रश्न 1 सभा में बोलते हुए भरत की क्या दशा थी ?

प्रश्न 2 भरत ने किन-किन को दोष देना व्यर्थ माना है ?

प्रश्न 3 भरत किन-किन दु:खों को देखकर भी जिंदा है ?

प्रश्न 4 रामचंद्र के घोड़े काले व कमज़ोर क्यों पड़ते जा रहे थे ?

प्रश्न 5 भरत सभी अनर्थों का मूल किसे मानते हैं ?

**कविता – बारहमासा**

प्रश्न 1 ‘बारहमासा’ कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 2 होलिका दहन का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

प्रश्न 3 नायिका क्या-क्या कामनाएँ करती हैं ?

प्रश्न 4 ‘बारहमास’ कविता का कथ्य बताइए |

प्रश्न 5 नागमती पवन से क्या कहना चाहती है ?

**अंतरा (भाग – 2 गद्य भाग)**

**पाठ - प्रेमघन की छाया - स्मृति**

प्रश्न 1 लेखक के पिता भारत जीवन प्रेम की पुस्तकें छिपा कर क्यों रखते थे ?

प्रश्न 2 लेखक के किन सहपाठियों ने कौन-सी पुस्तक लिखी ?

प्रश्न 3 चौधरी साहब की बातचीत कला के बारे में बताइए |

प्रश्न 4 मुसलमान सब-जज ने लेखक के बारे में क्या कहा ?

प्रश्न 5 ‘भारतेंदु-मंडल की किसी सजीव स्मृति के प्रति मेरी कितनी उत्कंठा रही होगी, यह अनुमान करने की बात है। मैं नगर से बाहर रहता था। एक दिन बालकों की मंडली जोड़ी गई। जो चौधरी साहब के मकान से परिचित थे, वे अगुआ हुए|’ उपरोक्त पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए |

**पाठ - सुमिरनी के मनके**

प्रश्न 1 सभा में लोग वाह-वाह क्यों कर रहे थे ?

प्रश्न 2 ‘बालक बच गया’ पाठ का उद्देश्य लिखिए |

प्रश्न 3 ‘घड़ी के पुर्जे’ पाठ में निहित संदेश अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 4 लेखक ने किस बात पर बल देने के लिए कबीर की पंक्तियों का सहारा लिया है ?

प्रश्न 5 ‘दुर्लभ बंधु’ से क्या अभिप्राय: है ?

**पाठ - संवदिया**

प्रश्न 1 संवदिया किसे कहते हैं ?

प्रश्न 2 पाठ का संवदिया अपना कार्य पूरा क्यों नहीं कर पाया ?

प्रश्न 3 हरगोबिन कौन था और उसे क्यों बुलाया गया था ?

प्रश्न 4 बड़ी बहुरिया के दुःखी होने का क्या कारण था ?

प्रश्न 5 मोदिआइन क्यों बड़बड़ा रही थी ?

**पाठ - गांधी, नेहरू और यास्सेर अराफ़ात**

प्रश्न 1 गांधी जी द्वारा सुनाई कहानी अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 2 यास्सेर अराफ़ात के आतिथ्य से क्या प्रेरणा मिलती है ?

प्रश्न 3 लेखक का सेवाग्राम तक का सफ़र कैसा रहा ?

प्रश्न 4 ट्युनिस चर्चा में क्यों था ?

प्रश्न 5 'अरे, मैं उन दिनों कितना काम कर लेता था। कभी थकता ही नहीं था|'

हमसे थोड़ा ही पीछे महादेव देसाई, मोटा-सा लट्ठ उठाए चले आ रहे थे। कोहाट और रावलपिंडी का नाम सुनते ही आगे बढ़ आए और उस दौरे से जुड़ी अपनी यादें सुनाने लगे और एक बार जो सुनाना शुरू किया तो आश्रम के फाटक तक सुनाते चले गए|'

उपरोक्त पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए |

**पाठ - लघु कथाएँ (शेर, पहचान, चार हाथ, साझा)**

प्रश्न 1 लेखक शहर छोड़ कर कहाँ भागा और क्यों ?

प्रश्न 2 जंगल में लेखक ने क्या देखा ?

प्रश्न 3 'शेर' लघु कथा का प्रतिपाद्य लिखिए |

प्रश्न 4 मिल मालिक के दिमाग में क्या ख्याल आते थे ?

प्रश्न 5 किसान साझे की खेती क्यों करता था ?

**अंतराल (भाग - 2)**

**पाठ - सूरदास की झोपड़ी**

प्रश्न 1 सूरदास क्या काम करता था ?

प्रश्न 2 सूरदास की झोपड़ी में आग लगने पर लोगों ने क्या किया ?

प्रश्न 3 सूरदास को किस बात का दुःख था ?

प्रश्न 4 सूरदास सुभागी के बारे में क्या सोच रहा था ?

प्रश्न 5 सच्चे खिलाड़ियों के बारे में लेखक क्या बताता है ?

**पाठ - बिस्कोहर की माटी**

प्रश्न 1 पाठ के आधार पर बताइए कि ग्रामीण क्षेत्रों में कमल-ककड़ी की क्या उपयोगिता है?

प्रश्न 2 कसेरिन दाई कौन थी ?

प्रश्न 3 पाठ का प्रतिपाद्य लिखिए |

प्रश्न 4 'बिस्कोहर की माटी' लेखक के मन में क्यों बस गई ?

प्रश्न 5 मानव जन्म लेने की सार्थकता किस में है ?

**अभिव्यक्ति और माध्यम**

प्रश्न 1 मानव संसाधन विकास मंत्रालय के मुख्य सचिव की तरफ से अपेक्षित सूचनाओं के लिए संस्कृत अकादमी नई दिल्ली के उपसचिव को अर्ध-सरकारी पत्र लिखिए |

प्रश्न 2 प्रिंट माध्यम के साधनों का उल्लेख करते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए |

प्रश्न 3 रोहतक क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर एक रिपोर्ट लिखिए |

प्रश्न 4 विशेष लेखन किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5 कविता में चित्र-भाषा की आवश्यकता क्यों होती है ?

प्रश्न 6 'घर से स्कूल तक का सफ़र' विषय पर एक रचनात्मक लेख लिखिए |

प्रश्न 7 आप एक लाइब्रेरियन हैं और कुछ महत्त्वपूर्ण पुस्तकें मँगवाना चाहते हैं |विभाग से इस संबंध में अनुमति लेने के लिए एक पत्र लिखिए |

प्रश्न 8 'महानगरों में बढ़ते अपराध' विषय पर एक फीचर लिखिए |

**अपठित बोध**

**प्रश्न 1 निम्न गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

मैं जिस समाज की कल्पना करता हूँ, उसमें गृहस्थ संन्यासी और संन्यासी गृहस्थ होंगे अर्थात् संन्यास और गृहस्थ के बीच वह दूरी नहीं रहेगी जो परंपरा से चलती आ रही है। संन्यासी उत्तम कोटि का मनुष्य होता है क्योंकि उसमें संचय की वृत्ति नहीं होती, लोभ और स्वार्थ नहीं होता। यही गुण गृहस्थ में भी होना चाहिए। संन्यासी भी वही श्रेष्ठ है जो समाज के लिए कुछ काम करे | ज्ञान और कर्म को भिन्न करोगे तो समाज में विषमता उत्पन्न होगी ही। मुख में कविता और करघे

पर हाथ, यह आदर्श मुझे पसंद था। इसी की शिक्षा मैं दूसरों को भी देता हूँ और तुमने सुना है या नहीं कि नानक ने एक अमीर लड़के के हाथ से पानी पीना अस्वीकार कर दिया था। लोगों ने कहा- "गुरु जी, यह लड़का तो अत्यंत संभ्रांत कुल का है, इसके हाथ का पानी पीने में क्या दोष है?" नानक बोले- "लड़के की हथेली में मेहनत के निशान नहीं हैं। जिसके हाथ में मेहनत के ठेले नहीं पड़े उसके हाथ का पानी पीने में मैं दोष मानता हूँ।" नानक ठीक थे। श्रेष्ठ समाज वह है जिसके सदस्य जी खोलकर मेहनत करते हैं और तब भी जरूरत से ज्यादा धन पर अधिकार जमाने की उनकी इच्छा नहीं होती।

क) संन्यासी कैसा मनुष्य होता है?

(क) निम्न कोटि का (ख) विषम कोटि का

(ग) उच्च कोटि का (घ) सामान्य

ख) संन्यासी में क्या - क्या नहीं होता ?

(क) लोभ (ख) स्वार्थ

(ग) संचय की वृत्ति (घ) लोभ, स्वार्थ व संचय की वृत्ति

ग) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए |

घ) एक संन्यासी में कौन-कौन से गुण होते हैं ?

ङ) नानक ने लड़के के हाथ से पानी क्यों नहीं पिया ?

**प्रश्न 2 निम्न काव्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

हँस लो दो क्षण खुशी मिली गर
वरना जीवन-भर क्रंदन है।
किसका जीवन हँसी-खुशी में
इस दुनिया में रहकर बीता ?
सदा-सर्वदा संघर्षों को
इस दुनिया में किसने जीता ?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता-रोता चमन-चमन है।
कितने रोज चमकते तारे

कितने रह-रह गिर जाते हैं
हँसता शशि भी छिप जाता है
जब सावन घन घिर आते हैं।
उगता ढलता रहता सूरज।

क) कविता के अनुसार जीवन किससे भरा है ?

अ) ख़ुशी से आ) आपदाओं से इ) सुख से ई) गरीबी से

ख) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |

ग) कवि दो क्षण के लिए मिली ख़ुशी पर हँसने के लिए क्यों कह रहा है ?

घ) कविता में संसार की किस वास्तविकता को दर्शाया गया है ?

ङ) धरती का कण-कण कौन-सी गाथा सुना रहा है ?